बुधवार
26 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



हर्षोल्लास के साथ दीपावली संपन्न, दीपों की लड़ियों से जगमगाया चप्पा-चप्पा 3



## छोटी खबरें

### मुख्य सचिव ने विशेष ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का किया अनुरोध

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने रेल मंत्रालय से बात कर छठ महापर्व पर बिहार के लिए विशेष ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव ने मंगलवार को रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन कर कहा कि छठ बिहार का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस महापर्व में शामिल होने के लिए बिहार के बाहर रह रहे बिहारवासी बड़ी संख्या में अपने घर बिहार आते हैं। इस वर्ष कोरोना के प्रसार कम होने के कारण बिहार आ रहे लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए छठ महापर्व के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में विशेष ट्रेनों को चलाए जाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाले लोगों को यात्रा में सहूलियत हो।

### ईटानगर में लगी आग से 700 दुकानें जलीं

**दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के नजदीक नाहरलगुन दैनिक बाजार में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में 700 दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने की जानकारी तड़के करीब 4 बजे मिली। उन्होंने बताया कि यह राज्य का सबसे पुराना बाजार है और ईटानगर से करीब 14 किलोमीटर दूर नाहरलगुन में अग्निशमन केंद्र के नजदीक स्थित है। पुलिस ने बताया कि संदेह है कि आग दिवाली के उत्सव के दौरान जलाए गए पटाखों या दीयों से लगी। उन्होंने दावा किया कि अग्निशमन विभाग ने तत्काल कार्रवाई की, लेकिन दुकान बांस और लकड़ी के बने हुए थे और उनमें सूखा सामान भरा था, इसलिए आग तेजी से फैली। आशंका है कि करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक (राजधानी) जिम्मी चिराम ने कहा कि आग लगने के कारण का पता अग्निशमन विभाग की जांच के बाद ही लगेगा।

### मुख्य सचिव के खाते से 90,000 रुपए निकालने का प्रयास

**पटना।** बिहार में साइबर अपराधियों का जाल इस तरह फैला है कि उन्होंने राज्य के प्रशासनिक मुखिया मुख्य सचिव तक को नहीं छोड़ा। सूबे के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उनके बैंक खाते से किसी ने 90 हजार रुपये निकालने की कोशिश की। जब सुबहानी को पता चला तो उन्होंने तुरंत ईओयू को सूचना दी। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कुछ ही घंटों के भीतर जालसाज को पकड़ लिया। हालांकि अभी तक मुख्य सचिव के साथ फ्रॉड करने वाले अपराधी का नाम सामने नहीं आया है।

# रेलवे का तोहफा: छठ महापर्व पर बिहार के लिए चलेंगी 124 पूजा स्पेशल ट्रेनें



**केटी न्यूज/हाजीपुर**

देश के विभिन्न शहरों में रह रहे बिहार के लोग छठ महापर्व पर अपने घर आते हैं और पूरी आस्था से भगवान भास्कर की उपासना करते हैं। लोगों के बिहार आने के कारण ट्रेनों में काफी भीड़ होती है। सामान्य ट्रेनों का हाल ऐसा है कि एक महीना पहले से इनमें टिकट की वेटिंग लिस्ट लंबी है। ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए रेलवे ने पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों के लिए छठ पर 124 पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है। ये ट्रेनें पटना, दानापुर, पाटलिपुत्र और गया तक आने और जाने वाली पूजा स्पेशल ट्रेनें हैं। इन ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से यात्रियों को बिहार आने और यहां से पर्व के बाद जाने में काफी सहूलियत होगी।

### छठ पर पूजा स्पेशल ट्रेन-

- 04066 दिल्ली-पटना 27 और 29 अक्टूबर को दिल्ली से 23.10 बजे खुलेगी।
- 04065 पटना-दिल्ली 26, 28 और 30 अक्टूबर को पटना से 16:50 बजे खुलेगी।
- 04076 अमृतसर-पटना 26 अक्टूबर को अमृतसर से 14:50 बजे खुलेगी।
- 04075 पटना-अमृतसर पूजा स्पेशल 27 अक्टूबर को पटना से 16:50 बजे खुलेगी।
- 08109 सांतरागाछी-पटना पूजा स्पेशल दिनांक 28 अक्टूबर को सांतरागाछी से 14:55 बजे खुलेगी।
- 08110 पटना-सांतरागाछी 29 अक्टूबर को पटना से 11:30 बजे खुलेगी।
- 04678 फिरोजपुर कैंट-पटना 28 को फिरोजपुर कैंट से 13:25 बजे खुलेगी।
- 04677 पटना-फिरोजपुर कैंट पूजा स्पेशल 26 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर को पटना से 19:00 बजे खुलेगी।
- 04072 दिल्ली-पटना पूजा स्पेशल 29 अक्टूबर को दिल्ली से 00:05 बजे खुलेगी।
- 04071 पटना-दिल्ली पूजा स्पेशल 29 अक्टूबर को पटना से 18:45 बजे खुलेगी।
- 04018 दिल्ली-पटना पूजा स्पेशल 28 अक्टूबर को दिल्ली से 00:05 बजे खुलेगी।
- 04017 पटना-दिल्ली पूजा स्पेशल 28 अक्टूबर को पटना से 18:45 बजे खुलेगी।
- 01663 रानी कमलापति (भोपाल)-दानापुर पूजा स्पेशल 26 एवं 31 अक्टूबर को रानी कमलापति से 14:20 बजे खुलेगी।
- 01664 दानापुर-रानी कमलापति पूजा स्पेशल 27 अक्टूबर एवं 01 नवंबर को दानापुर से 12:45 बजे खुलेगी।
- 01705 जबलपुर-दानापुर पूजा स्पेशल 27.10.22 को जबलपुर से 19.45 बजे खुलेगी।
- 01706 दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल 28.10.22 को दानापुर से 12.45 बजे खुलेगी।
- 08624 रांची-पटना स्पेशल ट्रेन रांची से 29.10 को 23.10 बजे खुलेगी।
- 08623 पटना-रांची स्पेशल ट्रेन पटना से 30.10 को पटना से 11.30 बजे खुलेगी।
- 02250 नई दिल्ली-पटना फेस्टिवल स्पेशल राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली से 27.10 को 19.10 बजे खुलेगी।
- 09461 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 27.10 एवं 03.11 को 19.25 बजे खुलेगी।
- 09462 पटना-नांदेड़ स्पेशल 29.10 एवं 05.11 को पटना से 06.00 बजे खुलेगी।
- 09467 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 28.10.2022 को 16.25 बजे खुलेगी।
- 09468 पटना-नांदेड़ स्पेशल 30.10को पटना से 06.00 बजे खुलेगी।
- 09321 इंदौर-पाटलिपुत्र स्पेशल 28.10 एवं 04.11 को 13.55 बजे खुलेगी।
- 09322 पाटलिपुत्र-इंदौर 29.10 एवं 05.11 को पाटलिपुत्र से 18.30 बजे खुलेगी।
- 09323 इंदौर-पाटलिपुत्र स्पेशल 31.10.2022 को 11.15 बजे खुलेगी।
- 09324 पाटलिपुत्र-इंदौर स्पेशल 01.11 को पाटलिपुत्र से 17.00 बजे खुलेगी।
- 08624 रांची-पटना छठ स्पेशल ट्रेन रांची से 29.10.2022 को 23.10 बजे खुलेगी।
- 08623 पटना-रांची स्पेशल ट्रेन पटना से 30.10.2022 को पटना से 11.30 बजे खुलेगी।
- 01410 दानापुर-पुणे सुपरफास्ट छठ स्पेशल दानापुर से 27.10.2022 को 11.00 बजे खुलेगी।
- 01408 दानापुर-पुणे अनारक्षित छठ सुपरफास्ट स्पेशल से दिनांक 26.10.2022 को 11.00 बजे खुलेगी।
- 09031 उधना-दानापुर छठ स्पेशल उधना से 26.10.2022 को 20.35 बजे खुलेगी।
- 09032 दानापुर-उधना दानापुर से 28.10.2022 को 02.30 बजे खुलेगी।
- 09035 उधना-दानापुर उधना से 26.10.2022 को 08.35 बजे खुलेगी।
- 09036 दानापुर-उधना दानापुर से 27.10.2022 को 14.30 बजे खुलेगी।
- 03255 पटना-आनंद विहार टर्मिनस प्रतिदिन पटना से 10.00 बजे खुलेगी।
- 03256 आनंद विहार-पटना प्रतिदिन आनंद विहार से 01.00 बजे खुलेगी।
- 02249 पटना-नई दिल्ली फेस्टिवल राजधानी स्पेशल पटना से दिनांक 01.11.2022 को 09.00 बजे खुलेगी।
- 03281 पटना-सिकंदराबाद प्रत्येक गुरुवार को पटना से 16.00 बजे खुलेगी।
- 03282 सिकंदराबाद-पटना हर शनिवार सिकंदराबाद से 15.25 बजे खुलेगी।
- 09417 अहमदाबाद-पटना हर सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे खुलेगी।
- 09418 पटना-अहमदाबाद हर मंगलवार को पटना से 23.45 बजे खुलेगी।
- 03215 पटना-थावे स्पेशल 13.11.2022 तक प्रतिदिन पटना से 12.10 बजे खुलेगी।
- 03216 थावे-पटना स्पेशल प्रतिदिन थावे जं. से 18.25 बजे खुलेगी।
- 03230 पटना-पुरी पूजा स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को पटना से 08.45 बजे खुलेगी।
- 03229 पुरी-पटना प्रत्येक शुक्रवार को पुरी से 14.55 बजे खुलेगी।
- 03257 पटना-आनंद विहार स्पेशल गुरुवार एवं रविवार को पटना से 22.20 बजे खुलेगी।
- 03258 आनंद विहार-पटना शुक्रवार एवं सोमवार को आनंद विहार से 23.30 बजे खुलेगी।
- 01678 नई दिल्ली-गया पूजा स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नई दिल्ली से 08.10 बजे खुलेगी।
- 01677 गया-नई दिल्ली मंगलवार एवं शनिवार को गया से 07.10 बजे खुलेगी।

### पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन

- 05978 डिब्रूगढ़-गोरखपुर स्पेशल डिब्रूगढ़ से 27.10 को 19.25 बजे खुलकर समस्तीपुर-हाजीपुर रुकते गोरखपुर पहुंचेगी।
- 05777 गोरखपुर-न्यू जलपाईगुड़ी छठ स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से 29.10 को 17.00 बजे खुलकर 21.10 बजे हाजीपुर रुकते हुए 30.10 को न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी।
- 05778 न्यू जलपाईगुड़ी-गोरखपुर 31.10 को न्यू जलपाईगुड़ी से 14.00 बजे खुलकर 23.00 बजे हाजीपुर रुकते हुए गोरखपुर पहुंचेगी
- 09011 मुंबई सेंट्रल-मालदा टाउन सुपरफास्ट स्पेशल मुंबई सेंट्रल से 30.10.2022 को 22.50 बजे खुलकर मंगलवार को 10.30 बजे मुजफ्फरपुर रुकते हुए 18.45 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।
- 01032 मालदा टाउन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल 26.10 को मालदा टाउन से 12.20 बजे खुलेगी।
- 04036 दिल्ली-भागलपुर स्पेशल दिनांक 28.10 को दिल्ली से 09.00 बजे खुलेगी।
- 04035 भागलपुर-दिल्ली स्पेशल 29.10 को भागलपुर से 09.45 बजे खुलेगी।
- 04058 दिल्ली-भागलपुर पूजा स्पेशल 26.10 को दिल्ली से 09.00 बजे खुलेगी।
- 04057 भागलपुर-दिल्ली स्पेशल 27.10 को भागलपुर से 09.45 बजे खुलेगी।
- 04033 भागलपुर-दिल्ली स्पेशल 26.10 को भागलपुर से 09.45 बजे खुलेगी।
- 04680 अमृतसर-कटिहार पूजा स्पेशल दिनांक 27.10 को अमृतसर से 08.10 बजे प्रस्थान करेगी।
- 04316 देहरादून-हावड़ा पूजा स्पेशल 27.10 को देहरादून से 00.30 बजे खुलेगी।
- 08117 शालिमार-बढ़नी स्पेशल 27.10 को शालिमार से 19.55 बजे खुलेगी।
- 08118 बढ़नी-शालिमार स्पेशल 29.10 को बढ़नी से 08.00 बजे खुलेगी।
- 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ 01.11 को गोरखपुर से 07.50 बजे खुलेगी।
- 03436 आनंद विहार-मालदा टाउन ट्रेन 01.11 एवं 08.11 को आनंद विहार से 17.10 बजे खुलेगी।
- 04002 आनंद विहार-भागलपुर स्पेशल 10.11 तक प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार से 19.05 बजे खुलेगी।

# महागठबंधन के लोग मजबूती से एकसाथ खड़े हैं : तेजस्वी

- उपमुख्यमंत्री ने महागठबंधन को लेकर मीडिया पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप
- पूर्व मंत्री मुंद्रिका सिंह यादव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे डिप्टी सीएम

**केटी न्यूज जहानाबाद**

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने महागठबंधन में सब कुछ ठीक-ठाक होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के लोग मजबूती के साथ एक साथ खड़े हैं। उन्होंने मीडिया पर महागठबंधन को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। मंगलवार को वह जहानाबाद के नौरू खेल मैदान में दिवंगत विधायक और पूर्व मंत्री मुंद्रिका सिंह यादव की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करने आए थे। इसी दौरान मीडिया ने उनसे बातचीत की। मीडिया ने महागठबंधन के जीतन राम मांझी के उस बयान पर सवाल किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर देश हित में नीतीश कुमार भाजपा के साथ आते हैं तो वे इसका स्वागत करेंगे।



तेजस्वी यादव ने कहा कि जीतन राम मांझी उनके अभिभावक हैं और मीडिया ने उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है. उन्होंने कहा कि हम महागठबंधन के लोगों ने मिल-जुल कर भाजपा को बिहार से भगाने का काम किया है। भाजपा जब सत्ता से बाहर होती है तो हिंदू-मुसलमान करने लगती है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग उड़ती चिड़िया को भी हल्दी लगाना जानते हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने मात्र दो महीने में हजारों लोगों को नौकरी देने का काम किया है। लोगों से अपील की कि वह कुछ दिन और रुके वे लोग अपना हर वादा पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राजद ने वादा किया था कि जब उनकी सरकार बनेगी, पढ़ाई, लिखाई, दवाई, सुनवाई और कार्रवाई का काम एक साथ करेंगे। बहुत कम दिनों में ही उनकी सरकार ने बहुत कुछ करने का काम किया है, जिसके बाद मोदी सरकार भी बिहार की देखा-देखी 75 हजार लोगों को रोजगार और नियुक्ति पत्र दे रही है। उन्होंने सवाल किया कि नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड लोगों को नौकरी देने का वादा किया था। 8 साल में 16 करोड़ नौकरी का क्या हुआ, बीजेपी इसका जवाब दे। इससे पहले उन्होंने मुंद्रिका यादव को राजद का एक सच्चा सिपाही बताते हुए कहा कि उन्होंने आम जनता और पार्टी के लिए अमूल्य योगदान किया है और हमलोगों को उनसे बड़ी सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने मुंद्रिका यादव को श्रद्धांजलि दी और लोगों से उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया. कार्यक्रम के बाद सभा स्थल पर ही उन्होंने जिले के स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ एक बैठक की और उन्हें कई आवश्यक निर्देश दिए। डेंगू को देखते हुए विभाग के अधिकारियों को एक्टिव रहने का सुझाव दिया. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, मंत्री सुरेंद्र यादव, अब्दुलबारी सिद्धकी, आलोक मेहता तथा जहानाबाद के वर्तमान और पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में राजद के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्साह से मनी दिवाली...



आसमान में बिखरी सतरंगी छटा मंगलवार को दीपों के पर्व दिवाली पर पूरा शहर जगमगा गया। घर और प्रतिष्ठानों के साथ मंदिरों की चमक देखते बन रही थी। पूजन के साथ शुरू हुई आतिशबाजी ने आसमान को रंग दिया। रात भर आसमान में सतरंगी छटा छाए रही। लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। घर और बाजारों में अलग ही रौनक रही। पूजन का दौर शाम को शुरू हो गया, जो मध्य रात के बाद भी जारी रहा। लोगों ने अपने मुहूर्त के मुताबिक घर और प्रतिष्ठानों पर लक्ष्मी-गणेश का पूजन किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

# सूर्यग्रहण लगने के कुछ देर बाद ही हो गया सूर्यास्त

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में शाम 4.42 से सूर्य ग्रहण दिखना शुरू हुआ। शाम 5 बजकर 11 मिनट पर सूर्य ग्रहण का मध्य हुआ और शाम 5 बजकर 13 मिनट पर पटना में सूर्यास्त हो गया। ऐसे में शेष अवधि का ग्रहण सूर्यअस्त के कारण पटना के लोगों को दिखायी नहीं दे सका। इस दौरान पटना के सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर में साफ-सफाई की गई। ग्रहण खत्म होते ही मंदिर में भगवान के श्री विग्रह की साफ-सफाई के साथ मंदिर को धोया गया। इसके साथ ही, लोगों ने घरों की साफ-सफाई की। ग्रहण खत्म होने के बाद नहा धोकर दान के लिए मंदिर पहुंचे। वहीं कई मंदिरों में विशेष आरती का भी आयोजन किया गया। शाम हो जाने के कारण लोग गंगा में स्नान के लिए नहीं पहुंचे. बता दें कि ये भारत में दिखने वाला आखिरी सूर्य ग्रहण था। ज्योतिषियों के अनुसार विभिन्न राशियों के उपर इस ग्राहण का अलग-अलग असर होने वाला है।



# डेंगू से लड़ने के लिए अस्पतालों में बेडों की संख्या बढ़ाएं : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बढ़ते डेंगू के मामले को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने डेंगू की रोकथाम के लिए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में बेडों की संख्या और बढ़ाएं, ताकि पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध रहें और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने डेंगू के बढ़ते मामले और उसकी रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों की सीएम नीतीश को जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में बेडों की संख्या और बढ़ाएं, ताकि पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध रहें और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

सीएम ने निर्देश दिया कि ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी जगह डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से कराएं। डेंगू रोधी दवा के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी जगह साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखें।

# योगी आदित्यनाथ ने नक्षत्रशाला से देखी दुर्लभ खगोलीय घटना

**एजेंसी/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम गोरखपुर के तारामंडल स्थित वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला पहुंचकर आंशिक सूर्यग्रहण का नजारा देखा. टेलिस्कोप और विशेष चश्मे से खगोलीय घटना का अवलोकन करने के साथ ही उन्होंने वैज्ञानिकों से ग्रहण की आवृत्ति, समय और ग्रहों को लेकर जानकारी ली. इस दौरान मुख्यमंत्री मौजूद लोगों को यह भी समझाते रहे कि कोई भी नंगी आंखों से सूर्यग्रहण न देखे. मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अमावस्या और पूर्णिमा के दिन ग्रहण की प्रवृत्ति के क्रम में आज अमावस्या के दिन आंशिक सूर्यग्रहण की दुर्लभ खगोलीय घटना देखने का अवसर प्राप्त हुआ. इन रहस्यों का पता लगाकर मानव कल्याण का मार्ग और प्रशस्त किया जा सकता है.



वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला परिसर में भव्य साइंस पार्क जल्द ही अस्तित्व में आएगा. सूर्यग्रहण देखने नक्षत्रशाला पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साइंस पार्क के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इसका विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजें. नक्षत्रशाला की खाली भूमि पर इसका निर्माण किया जाएगा. यहां दो एकड़ के आसपास जमीन खाली है. इसके आधे से भी कम हिस्से में इसका निर्माण हो जाएगा. मुख्यमंत्री ने तारों की दुनिया का शो देखने के बाद इसके ऑडिटोरियम को थ्री डी बनाने का भी प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया.

**योगी ने 200 लोगों की सुनी फरियाद, अधिकारियों को दिया निर्देश:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में करीब 200 लोगों की फरियाद सुनी। गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित दिग्विजयनाथ सभागार के बाहरे कुर्सियों पर बैठे एक-एक फरियादी के पास जाकर सीएम ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और उनकी बात सुनी। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारियों को सीएम लगातार समाधान के लिए आदेशित करते जा रहे थे। मंगलवार को सीएम के जनता दर्शन कार्यक्रम में बिहार से भी कुछ फरियादी पहुंचे थे। बिहार से अपनी समस्या लेकर आई ऐसी ही एक महिला की बात सुनने के बाद सीएम ने उन्हें अपने काम के लिए अपने राज्य में भी आवेदन करने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने महिला का प्रार्थना पत्र लेकर मदद का आश्वासन भी दिया। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं भी पहुंची थीं। इस दौरान सीएम की नजर जनता दर्शन में अपने माता-पिता के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने उन्हें दुलारा और टॉफी-चॉकलेट भी दी।

## शहर छोटी खबरें

### दहशत पैदा करने के लिए कट्टा लहरा रहे दो युवक गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में सोमवार की रात आपसी झगड़े के बाद दहशत पैदा करने के लिए हथियार लहराने में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें भदवर गांव निवासी संदीप कुमार और अनीश कुमार हैं। इनके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के अनुसार सोमवार की शाम दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। उसी दौरान इन दोनों दोनों द्वारा कट्टा लहराया जाने लगा। तभी लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और डायल 112 को सूचना कर दी। उस आधार पर पुलिस पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में दोनों के खिलाफ मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### एसपी के निर्देश पर 14 लोगों को किया गया गिरफ्तार

**अरवल।** पुलिस अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के निर्देश पर विभिन्न थाना अध्यक्षों के द्वारा 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेहंदिया थाना के द्वारा दो, करपी थाना के द्वारा दो, शहर तेलपा ओपी के द्वारा सात, परासी थाना के द्वारा दो एवं किंजर थाना अध्यक्ष के द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में पूरी तरह से चौकस रहें एवं रात्रि में पुलिस पदाधिकारियों जवानों की गस्ती कराना सुनिश्चित करें। साथ ही वाहन जांच करें।

### घर के कमरे में छत से लटकती हुई मिली युवक की लाश

**जहानाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के खत्री टोला मुहल्ले के एक मकान के कमरे में मंगलवार को छत से लटकती हुई एक युवक की लाश बरामद की गई है। बताया जाता है कि फांसी का फंदा लगाने के कारण युवक की मौत हुई है। युवक अश्विनी रंजन उर्फ निहाल अरवल जिले के सरौती गांव का निवासी था। वह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बीबीए की पढ़ाई कर रहा था और दीपावली की छुट्टी के अवसर पर अपने घर आया था, वह जहानाबाद के खत्री टोला में किराए के मकान के एक कमरे में रेंट पर रहता था। उसके दोस्त अभिरंजन कुमार ने बताया कि वह दोनों जहानाबाद में बारहवीं तक साथ-साथ पढ़ते थे।

### धूमधाम से संपन्न हुई दीपावली

**अरवल।** दीपों का त्यौहार दीपावली प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रो से लेकर बाजार तक पूरा क्षेत्र प्रकाश से जगमग रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने धन की देवी मां लक्ष्मी का पूजन पूरे विधिविधान के साथ किया अरवल बाजार में व्यवसायियों के द्वारा शुभ मुहूर्त में पूजा किया गया। कोई गोधुली बेला तो कोई वृख लग्न तो कोई सिंह लग्न में लक्ष्मी पूजन किया। पूरी रात व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुली रही जिससे अरवल बाजार में दिन रात की अंतर नजर नहीं आ रहा था। सभी जगह दीपक व झालर वाली लाईट से की गई। सजावट से क्षेत्र में जगमग कर रहा है।

# लापरवाही बरतनेवाली आशा कार्यकर्ताओं को चिह्नित कर करें कार्रवाई : डीएम

- जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव के मामलों पर जताई नाराजगी
- बांध्याकरण व नसबंदी के लिए विशेष टीम बनाने का दिया निर्देश



बैठक में शामिल डीएम व स्वास्थ्य अधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में स्वास्थ्य से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मातृ स्वास्थ्य की स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि जिले के मखदुमपुर, काको एवं मोदनगंज प्रखंड में संस्थागत प्रसव की स्थिति अच्छी नहीं है। जहानाबाद जिले में अब तक 53 प्रतिशत मातृत्व संस्थागत प्रसव किया गया है। जिसमें उपरोक्त प्रखंडों मे संस्थागत प्रसव मात्र 34 से 35 प्रतिशत हुआ हैं। जिसके लिए जिला पदाधिकारी ने संस्थागत प्रसव बढ़ाने का निदेश दिया। साथ ही, ऐसी आशा कार्यकर्ता जिनके द्वारा कार्य में उदासीनता बरती जा रही है, उन्हें चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि एम्बुलेंस की सुविधा को सुदृढ़ करना सुनिश्चित करें। साथ ही, स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता शतप्रतिशत रखने का भी निदेश दिया गया । बैठक में जिलाधिकारी ने चाईल्ड हेल्थ केयर के तहत बच्चों को टीकाकरण 90 प्रतिशत से ऊपर करने का निदेश दिया। जिसमें हुलासगंज प्रखंड एवं रतनी फरीदपुर प्रखंड की स्थित काफी खराब पायी गई। सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंडों में एएनएम के साथ समीक्षात्मक बैठक कर स्थिति में सुधार लाने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सदर अस्पताल से कई फैमिली प्लानिंग से संबंधित कई लोगों अस्पताल से लौट जाते हैं, जिसके लिए जिला पदाधिकारी ने महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी हेतु अधीक्षक, सदर अस्पताल को निदेश दिया कि चिकित्सकों की टीम बना कर लोगों को सुविधा दिया जाए।

बैठक में स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता पर परिचर्चा किया गया, जिसमें पाया गया कि सिकरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा की उपलब्धता मात्र 42 प्रतिशत है, जिसके लिए जिला पदाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेश दिया कि संबंधित फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण करें तथा उसका जबाब उपलब्ध कराया जाए। बच्चों के लिए विद्यालयों में आरबीएस कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिसमें सिकरिया की स्थिति खराब पायी गई, जिसके लिए जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेश दिया कि संबंधित मेडिकल टीम से स्पष्टीकरण करते हुए उसका जबाब उपलब्ध कराये।

# काली दिवाली: दीया जलाने जा रहे युवक की करंट लगने से मौत

### ईख के खेत में घेराबंदी के लिए लगाये गये तार में दौड़ रहा था करंट, तीन लोग झुलसे

- अस्पताल लाये जाने के दौरान एक ने तोड़ा दम, दो का चल रहा इलाज
- दीपावली के दिन हुए हादसे के बाद घर में मचा कोहराम



अस्पताल में पहुंचे ग्रामीण और पुलिस व इनसेट में मृत संजय की फाइल फोटो

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आयर थाना क्षेत्र के बरनांव उतवारी मठिया गांव में सोमवार की शाम करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी। हादसे के दौरान दो अन्य युवक भी बुरी तरह झुलस गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दीपावली के अवसर पर दीये जलाने जाने के दौरान तीनों खेत में लगाये गये करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गये। मृत युवक बरनांव गांव उतवारी मठिया निवासी अभय कुमार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार था। झुलसने वालों में उसी गांव के निवासी राजेंद्र महतो के 18 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार और हरेंद्र महतो के 18 वर्षीय पुत्र राजू कुमार शामिल हैं। घटना को लेकर गांव में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। अभय कुमार सिंह ने बताया कि उनका पुत्र संजीत कुमार अपने घर में दीपक जलाने के बाद राजू कुमार और नीतीश कुमार के साथ दीये जलाने खेत की ओर जा रहे थे।

रास्ते में ईख के खेत के चारों ओर तार से घेराबंदी की गयी है, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। अंधेरे की वजह से तीनों उस करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। उसके बाद तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उनके पुत्र संजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। राजू कुमार और नीतीश कुमार का इलाज चल रहा है। इधर, मौत की सूचना पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

### दीपावली के दिन बुझा घर का चिराग

दीपावली के दिन संजीत की मौत से कोहराम मचा हुआ है। दीये जलाने जाने के दौरान ही घर का चिराग बुझ गया। ऐसे में प्रकाशोत्सव के दिन ही उसके घर में अंधेरा छा गया। बताया जा रहा है कि संजीत तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुशीला देवी, भाई सोनू कुमार, अजीत कुमार और एक बहन मनीषा कुमारी है। बेटे के वियोग मां सुशीला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आहर में डूबने से शौच करने गये किशोर की मौत

**आरा।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चकरदह में सोमवार को आहर में डूबने से किशोर की मौत हो गयी। शौच करने जाने के दौरान वह आहर में गिर पड़ा था। मृत किशोर चकरदह गांव निवासी मंटू पासवान का 17 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार था। घटना को लेकर देर अफरातफरी मची रही। किशोर के चचेरे भाई संजय कुमार पासवान ने बताया कि पटाखा खरीदने के बाद बाजार से घर वापस आया। उसके करीब शौच करने के लिए निकल गया था। करीब घंटे भर बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन करना शुरू की गयी। उसी दौरान गांव का एक युवक घर गया और कहा कि आहर में एक लड़का डूब रहा है। उस पर वे लोग मौके पर तो देखा कि उसका भाई अमरजीत आहर में डूबा पड़ा है। उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसको पानी से बाहर निकाला गया। तबतक काफी देर हो चुकी थी और उसकी जान जा चुकी थी। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम करवाया।

# एसपी ने छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, थानेदारों को दी चेतावनी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

छठ महा पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को विभिन्न छठ घाटों की सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रबंधन का जायजा लिया। जिसमें नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरक्षणी संगम घाट तथा काको थाना क्षेत्र अंतर्गत काको सूर्य मंदिर तालाब, धरहरा सूर्य मंदिर तालाब एवं दक्षिणी सूर्य मंदिर तालाबों व घाटों का संबंधित थानाध्यक्षों के साथ निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी एवं नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर छठ घाटों की साफ-सफाई, घाटों पर पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, माईकिंग, नाव, गोताखोर, ड्रोन कैमरा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही थानाध्यक्षों व अंचलाधिकारीयों को इस संबंध में छठ प्रबंधन हेतु गठित समितियों व व्यवस्थापकों, जन प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक करने हेतु भी निर्देशित किया गया। ताकि सभी तैयारियों को ससमय पूरा किया जा सके।



घाट की निरीक्षण करते एसपी

### नहर की तेज धार में बही महिला का भोजपुर में मिला शव

**आरा।** रोहतास जिले में नहर में गिरी महिला का शव मंगलवार की शाम भोजपुर से बरामद कर लिया गया। शव उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चकरदह गांव स्थित नहर किनारे पड़ा हुआ था। मृत महिला रोहतास के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पटनावां गांव निवासी उमेश राम की 52 वषीर्या पत्नी धनवंती देवी थी। वह चार दिन पूर्व नहर की तेज धार में बह गयी थी। पैर फिसलने से वह नहर में गिर गयी और पानी की धारा तेज होने के कारण बह गयी। उसके बाद से ही वे लोग खोजते आ रहे थे। रास्ते में नहर के हर बांध और लख के पास लोगों से शव के बारे पूछताछ की जाती रही।

### दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, 26 नामजद और 30 अज्ञात पर प्राथमिकी

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र कच्छवा गांव में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में आधे दर्जन लोग घायल हो गए। मंगलवार को दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें 26 नामजद और 30 आज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। कच्छवां गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस कैंप कर रही है। ज्ञात हो कि सोमवार शाम कच्छवां गांव स्थित इमाम चौक पर बच्चे को खेलने को ले विवाद हो गया।

, जो बाद में हिसक झड़प में तब्दील हो गया। जमकर लाठी-डंडे चले और तलवार बाजी शुरू हो गई। जिसमें दोनों ओर से आधे दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार पीएचसी में कराया गया। जहां से सभी को सदर अस्पताल सासाराम इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है, सभी खतरे से बाहर बताये जाते हैं।

# जुआ खेलने से किया मना तो युवक को मार दी गोली

**केटी न्यूज/रोहतास**



सोमवार की रात रोहतास जिले के भानस ओपी अंतर्गत बसडीहा टोला में जुआ खेलने के दौरान गोली चल गई। जिसमें एक युवक घायल हो गया। वहीं मारपीट में छह लोग घायल हो गए। सूत्रों कि मानें तो युवक ने जुआ खेलने से मना किया जिसके बाद बवाल हो गया। असमाजिक तत्वों ने मना करने वाले व्यक्ति के घर पर हमला कर दिया। कट्टा से किए गए फायर में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार संजय चौधरी के घर के पास कुछ लोग दीपावली की रात जुआ खेल रहे थे। संजय ने उन्हें जुआ खेलने से मना कर दिया। जिसके बाद संजय चौधरी के घर पर पहुंच लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी गई। कट्टा से गोली भी चलाई गई, जिसमें संजय घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए दिनारा पीएचसी लाया गया,। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। भानस ओपी अध्यक्ष उपेंद्र ने बताया कि जुआ खेलने के विवाद में बसडीआ टोला में हिसा हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को सदर अस्पताल भेजा है। बताया कि पीड़ितों द्वारा आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सड़क दुघर्टना में रोहतास के दो युवकों की मौत, दो की हालत गंभीर

- पैतृक गांव पहुंचा दोनों युवकों का शव, परिजनों में मचा कोहराम
- दिल्ली से रोहतास आने के दौरान सोमवार को हुआ था हादसा



**केटी न्यूज/रोहतास**

सोमवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सड़क दुर्घटना में रोहतास के दो युवकों की मौत हो गई थी। दोनों युवकों का शव मंगलवार की सुबह उनके पैतृक गांव लाया गया। शव के पहुंचते ही करगहर के बभनी गांव एवं दावथ के बभनौल गांव में कोहराम मच गया। सूत्रों के अनुसार ईटावा जिले अगूपुर गांव के पास स्कार्पियो कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डीवाइडर से टकरा गई। जिसमें सवार चार लोगों में से दो लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि घायल मुन्ना सेठ व चालक नसीम आलम का आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में इलाज चल रहा है। दोनों घायल भी करगहर के बभनी गांव के ही हैं, जिनमें मुन्ना सेठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में जावेद अंसारी, 30 साल, पुत्र मोहीनुउद्दीन अंसारी निवासी बभनी एवं सद्दाम इदरीसी 40 साल पुत्र मो अख्तर इदरीसी निवासी बीठवां रसूलपुर, बभनोल अड्डा, शामिल हैं। 120 किमी से अधिक की स्पीड पर चल रही स्कार्पियो संतुलन बिगड़ जाने के कारण वह डीवाइडर के पुल से जा टकराई, जिससे कार में सवार जावेद अंसारी व सद्दाम इदरीसी की मौत हो गई।

### एक नजर

### आरपीएफ ने चार नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया, चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा



बरामद लड़कियों के साथ पुलिस

**रोहतास।** सोमवार को आरपीएफ ने डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन से चार नाबालिग किशोरियों छुडाया। इन लड़कियों को सुरक्षा की दृष्टि से पहले हिरासत में लिया गया। उसके बाद चाइल्ड हेल्प लाइन को कागजी कार्रवाई के बाद भेज दिया गया। आरपीएफ के अनुसार तीन लड़कियां छत्तीसगढ़ की है। सूत्रों के अनुसार डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 4 पर गश्त के दौरान नाबालिग बच्चियों को डरी-सहमी अवस्था में दिखी। जिसके बाद उनके पास जाकर यहां रूकने व इधर-उधर घूमने का कारण पूछा गया। चारों लड़कियों ने अपना नाम-पता तो बताया परंतु मोबाईल नंबर नहीं बताया। लड़कियां दीपाली कुमारी उम्र 16 वर्ष, पिता सिकंदर राम, ग्राम मेदनीपुर टोला, थाना नासरीगंज, जिला रोहतास है। इसके अलावा तीन लड़कियां छत्तीसगढ़ की हैं। रोशनी कुमारी उम्र 16 वर्ष, पिता जगदीश मर्कम, ग्राम अतरिया, थाना रायपुर, जिला बसाघाट, के साथ दो बहनें सोनम देवर उम्र 16 साल एवं रजनी कुमारी उम्र 16 वर्ष दोनों ही पिता राजू देवरए ग्राम वीरसावरकर नगर, थाना सोनदुगरी, जिला रायपुर शामिल हैं। पुलिस को शक हुआ तो पूछताछ करने लगी तो लड़कियों ने बताया कि सभी घर से नाराज हो कर चली आई हैं तथा अपने घर नहीं लौटना चाहती। तब आरपीएफ ने सभी को चाइल्ड हेल्पलाइन की शाखा परिवर्तन विकास केंद्र, तिलौथू से संपर्क कर संपूर्ण कार्यवाही के पश्चात ठीक ठीक हालत में निदेशक सविता देवी को सुपुर्द कर दिया।

### अलग-अलग हादसों में पटाखों से 50 से अधिक झुलसे

**आरा।** जिले में अलग अलग स्थानों पर पटाखों के फटने से लगभग 50 से ज्यादा लोग बुरी तरह झुलस गए। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार झुलसे लोगों में टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी सूरज कुमार,संतोष कुमार, नवादा थाना क्षेत्र के मिनिस्ट्रियल क्वार्टर निवासी बजरंगी प्रसाद गुप्ता, जगदेव नगर निवासी प्रतीक कुमार, राहुल रंजन, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव निवासी उत्तम सिंह, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव निवासी दिव्या कुमारी सहित बच्चे, बूढ़े, महिलाएं समेत करीब चार से पांच दर्जन शामिल है। झुलसे लोगों में राहुल रंजन ने बताया कि सोमवार की देर शाम जब वह छत पर पटाखा छोड़ने गया, जैसे ही अनार जलाया। वह अचानक उसके हाथों में फट गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत चित्रकला सह लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

# 2025 तक जिले के सभी पंचायतों को ओडीएफ बनाने का लक्ष्य : डीडीसी

- बच्चों ने लिया स्वच्छ गांव, समृद्ध गांव बनाने का संकल्प

**केटी न्यूज/अरवल**



प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत समाहरणालय के इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को चित्रकला सह लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के बारे में उप विकास आयुक्त ने बताया कि सक्षम बिहार स्वावलंबी बिहार अंतर्गत सात निश्चय टू में स्वच्छ गांव समृद्ध गांव के उद्देश्य के प्रति लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत 2024-25 तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ बनाए जाने का लक्ष्य है। उसी को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ गांव समृद्ध गांव के संकल्पित लक्ष्य पूर्ण करने हेतु ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन की गति पर बल प्रदान करने हेतु, सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन खुले में शौच से मुक्ति स्थापित तथा गांव का सुंदरीकरण बनाए रखने हेतु हमारा स्वच्छ सुंदर गांव अभियान के तहत स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य जैसे विषयों पर लेखन सह-चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया।

स्कूली बच्चों के द्वारा चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता के विभिन्न आयाम, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय की महत्व एवं सुंदर गांव की परिकल्पना को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बच्चों को चित्रकला हेतु प्रोत्साहित किया गया साफ स्वच्छ भारत मिशन फेस टू महत्वपूर्ण आयाम के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इस मौके पर निलेश कुमार सिंह जिला समन्वयक अविनाश कुमार जिला सलाहकार झलक देव, कुमार सूरज, पंचम लाल, नितिन आनंद, अमरनाथ कुमार, कला शिक्षक अरवल शामिल हुए।

## जिले छोटी खबरें

### पटाखा की चिंगारी से जली गुमटीनुमा दुकान

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में दीपावली की रात आतिशबाजी के दौरान पटाखा से निकली चिंगारी से एक गुमटीनुमा दुकान में आग लग गई। इस घटना में गुमटी में रखे, पान, मसाला, चिप्स, चाकलेट समेत हजारों रुपये मूल्य के सामान जल गए है। पीड़ित दुकानदार उमेश पासवान ने बताया कि उसके सामने ही गुमटी में आग लगी। लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता तथा आग बुझाने का प्रयास शुरू करता तब तक पूरी गुमटी जल गई थी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाकर इसे विकराल होने से बचा लिया। इस घटना के बाद पीड़ित काफी मायूस है।

### 25 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के बिंद टोली से 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शराब तस्कर सिकन्दर बिंद है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि बिंद टोली में एक तस्कर अपने घर के पास शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ पहुंच दो गैलेन के साथ शराब तस्कर को धर दबोचा। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया। ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों गैलेन में कुल 25 लीटर महुआ शराब था।

### आपसी विवाद में महिला समेत चार जख्मी

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बसमनपुर गांव में मंगलवार को दो पट्टीदारों के बीच मारपीट में एक परिवार के महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी में शिवकुमार पांडेय, मनोज पांडेय, लाखो देवी एवं सनोज पांडेय है। इधर दो पट्टीदार में मारपीट की सूचना के बाद पुलिस उक्त गांव पहुंची। जिसके बाद चारो जख्मियों को इलाज के लिए सीएचसी नावानगर में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शिवकुमार पांडेय व बिरेन्द्र पांडेय के बीच 10 दिन पूर्व किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई थी। उसी कहा सुनी को लेकर मंगलवार को एक पक्ष गाली गलोज करने लगा। जिसके बाद आवेश में आकर दोनों पट्टीदार मारपीट करने लगे। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सभी जख्मी का अभी इलाज चल रहा है। उनकी तरफ से अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# दीपावली पर निकाली गई लक्ष्मी-गणेश की जीवंत झांकी, मंत्रमुग्ध हुए लोग

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दीपोत्सव में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु
- बहन प्रिया ने लक्ष्मी तो बहन ऋतु ने गणेश का बनाया था रूप सज्जा

**केटी न्यूज/बक्सर**



लक्ष्मी गणेश के रूप सज्जा में बैठी प्रिया और ऋतु

जिला मुख्यालय स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा दीपावाली के मौके पर लक्ष्मी गणेश की जीवंत झांकी निकाली गई थी। इस झांकी में विश्वविद्यालय की बहन प्रिया ने लक्ष्मी तो बहन ऋतु ने गणेश का रूप सज्जा बना लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्हें देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग आए थे। कई लोग तो उन्हें देखकर प्रणाम भी कर रहे थे। दोनों घंटो इसी रूप सज्जा में बैठी रही। बक्सर के लिए यह अपने तरह का अनोखा झांकी था। बता दें कि इसके पहले दीपावली के दिन लक्ष्मी गणेश की जीवंत झांकी नहीं बनाई गई थी। प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा इस मौके पर दीपोत्सव मना मिठाईयां भी बांटी गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल आर्किटेक्ट व इंजीनियर अमित पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। विश्वविद्यालय परिवार तथा श्रद्धालु भाई बहनों द्वारा झांकी की विधिवत पूजा कर आरती उतारी गई। कार्यक्रम में भाई-बहनों ने एक साथ दीप जलाकर लक्ष्मी-गणेश का स्वागत और अभिनंदन कर दीपावली मनाई। इस विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी रानी दीदी ने कहा कि दीपावली पर मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए ही हम अपने घर तथा पड़ोस की सफाई करते है। उन्होंने कहा कि हमे बाहरी सफाई के साथ साथ अपने मन-बुद्धि को पवित्र रखना है, ताकि धन के साथ-साथ सुख समृद्धि भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि अंतर्मन की सुचिता ही सही मायने में सुचिता है तथा अंतःकरण की सफाई के बिना यह संभव नहीं है। संचालिका ने इस दौरान उपस्थित लोगों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उदेश्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि लोगों के अंतः मन को शुद्ध करने का हम प्रयास करते है। वहीं, आगंतुकों द्वारा लक्ष्मी बनी प्रिया तथा गणेश बनी ऋतु के अभिनय कला की सराहना की जा रही थी। दोनों एक ही मुद्रा में घंटों बैठ लोगों को आश्चर्यचकित कर रही थी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। लोग इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय संचालिका को धन्यवाद दे रहे थे। इस दौरान ब्रह्माकुमार अंकित, अशोक, अजय, पारस, अरविंद, हरिश्चंद्र, जगत नारायण, जितेंद्र, प्रदीप, केदार समेत विश्वविद्यालय से जुड़े भाई बहनों के अलावे सैकड़ो लोग मौजूद थे।


# झिलमिलाती रोशनी से जगमगाया शहर आसमान में बिखरती रही सतरंगी छटा

## हर्षोल्लास से मनी दिवाली... अपील के बावजूद सुनाई पड़ रही थी तेज आवाज वाले पटाखों की गूंज

- दीपावली को लेकर बच्चों में देखा गया विशेष उत्साह

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव (टीम)**









दीपों का पर्व दीपावली सोमवार को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। देर रात तक दीपावली का उल्लास लोगों में देखा गया। वहीं, मध्य रात्रि तक अधिक डेसीबल वाले पटाखों की गूंज सुनाई पड़ रही थी। इसके पहले शाम ढलते ही लोगों ने परंपरागत तरीके से लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर घरों को दीए के लड़ियों से सजा लिया था। कई जगहों पर रंगीन इलेक्ट्रानिक लाईट भी लगे थे। अंधेरा होते ही जिले का चप्पा-चप्पा रंग बिरंगी रौशनी से जगमग हो उठा। लोग अपने अपने घरों को दीए से आकर्षक ढंग से सजाए थे। इसके बाद शुरू हुआ आतिशबाजी का दौरान मध्य रात्रि तक जारी रहा। बच्चें पटाखा छोड़ काफी खुश नजर आ रहे थे। हालांकि पर्यावरण संरक्षण व सुरक्षा के लिहाज से केन्द्र सरकार, पर्यावरणविदों तथा प्रशासन द्वारा लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने की अपील की गई थी। कई संगठनों द्वारा दीपावली पूर्व जागरूकता अभियान भी चलाया गया था। लेकिन दीपावली की खुशी व बच्चों के उत्साह के आगे इस अपील को कोई असर नहीं हुआ। बल्कि बच्चों से लेकर बड़ों तक ने आतिशबाजी का आनंद लिया। वैसे भी दो साल बाद यह पहली दीपावली थी, जिसमें कोरोना का साया नहीं था। जिस कारण निडर हो लोगों ने अपने खुशी का इजहार किया। बच्चों में विशेष खुशी देखी गई। बच्चों द्वारा बिना आवाज वाले पटाखों के साथ ही उच्च क्षमता वाले पटाखों को भी छोड़ा जा रहा था। जिससे वातावरण में सिर्फ पटाखों की आवाज सुनाई पड़ रहा था। जबकि दिन में व्यवसायियों द्वारा अपनी-अपनी दुकानों पर भी धन की देवी लक्ष्मी के साथ ही विध्न विनाशक भगवान गणेश की पूजा की गई तथा नए खाता बही का संधारण शुरू किया गया।

**एक दूसरे को बधाई देते रहे लोग :** दीपावली की पूर्व संध्या से ही शुरू हुआ बधाईयों का तांता सोमवार को भी जारी रहा। लोग एक दूसरे के घर आ जाकर या फिर फोन कर उन्हें बधाई दे रहे थे। इसके अलावे फेसबुक, व्हाट्सऐप जैसे सोशल साइटों पर भी दीपावली से जुड़े मैसेज की भरमार थी।

### रंगोली व अल्पना भी रहे आकर्षण के केन्द

छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने घरों के आगे बनाई गई रंगोली व अल्पना भी इस दीपावली में आकर्षण का केन्द्र था। रंगोली व अल्पना के साथ ही बच्चों द्वारा घरौंदा बना उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पटाखा छोड़ने से पहले उसे उसमें इकट्ठा किया गया था। सैकड़ो घरों में यह परंपरा आज भी देखने को मिली। जिसमें बच्चों से अधिक बच्चियों का योगदान था। इस दौरान बच्चों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे।

# अमंगल: सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीसरे की हालत नाजुक

- राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव के पास की है घटना
- बाइक सवार को बचाने में रोहित और मनीष ने लगा लिया मौत को गले

**केटी न्यूज/राजपुर**



छानबीन में जुटी पुलिस

मंगलवार की सुबह राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से जख्मी हालत में जीवन और मौत से जूझ रहा है। घटना सुबह साढ़े आठ बजे राजपुर रसेन मार्ग पर खीरी नहर लाइन की है। मृतक रोहित चौधरी उम्र 17 वर्ष पिता झगरू चौधरी व मनीष चौधरी उम्र 19 वर्ष पिता धीरेन्द्र चौधरी धनसोई थाना क्षेत्र के परसदा गांव के रहने वाले थे। जबकि गंभीर रूप से जख्मी साइकिल सवार सुभाष सिंह उम्र 40 वर्ष पिता ललन सिंह राजपुर थाना क्षेत्र के ही छितन डिहरा गांव का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार रोहित और मनीष एक ही बाइक पर बैठक जलहरा की तरफ जा रहे थे। जबकि सुभाष दूध बेचकर वापस अपने गांव लौट रहा था। अचानक खीरी नहर लाइन पर बाइक व साइकिल आमने सामने आ गई। बाइक चालक मनीष द्वारा साइकिल सवार को बचाने का भरसक प्रयास किया गया। इस प्रयास में मनीष व रोहित बाइक समेत कौआखोल नहर में जा गिरे। आस पास में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल हिम्मत दिखा दोनों को बहार निकाला गया। लेकिन गंभीर चोट लगने से रोहित की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप जख्मी मनीष व सुभाष को राजपुर पीएचसी पहुंचाया गया। पीएचसी पहुंचने पर डाक्टरों ने मनीष को भी मृत घोषित कर दिया। इधर, प्राथमिक इलाज के बाद साइकिल सवार को बेहतर इलाज के लिए पहले बक्सर तथा वहां से बनारस रेफर कर दिया गया है।

# शहर में हर तरफ गंदगी से बढ़ा डेंगू का खतरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में डेंगू के संभावित मरीज की मौत के बाद लोगों में एक तरफ भय व्याप्त है तो दूसरी नगर परिषद की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है। सफाई के लिए पहचान रखने वाले दीपावली के अगले ही दिन शहर के कई प्रमुख हिस्सों में फैली गंदगी लोगों का डर बढ़ा रही थी। नगर के छठिया पोखरा, हाथीखाना रोड, गोला बाजार रोड, शहीद गेट, साफाखाना रोड स्टेशन रोड नया थाना के पास रेलवे स्टेशन नया तालाब रोड आदि जगहों पर सड़क पर पसरा कूड़ा कचरा पसरा है। यही हाल शहर के विस्तारित क्षेत्र नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, नवाडेरा, महरौरा, मुंशी डेरा आदि जगहों की है। सफाई के नाम पर नगर परिषद दो एनजीओ की सेवा लेती है। प्रतिमाह 40 लाख रुपए से अधिक की निकासी की जा रही है। बावजूद इसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। दीपावली जैसे पर्व में टेक्सटाइल कॉलोनी में नाली का साफ सफाई नहीं किए जाने से घर से निकला गंदा पानी ओवरफ्लो करके बीच सड़क पर बह रहा है। यह हाल पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग से बड़ा बाग रोड का है। स्थानीय रामजतन पांडेय का कहना है कि नाली की सफाई तथा शिल्ट की निकासी के लिए नगर परिषद के सफाई कर्मी कभी भी इस मोहल्ले में नहीं आते हैं।

## एक नजर

### जवानों के सम्मान में एक दीया सैनिकों के नाम कार्यक्रम में जलाए गए 7500 दीप



रामरेखा घाट पर सैनिकों की सलामती के लिए जलते दीप

**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर देश व सीमा की सुरक्षा में अपनी जान की बाजी लगाने वाले सेना के जवानों के सम्मान में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जवानों की सलामती तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कुल 7500 दीपक जलाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. रजेश सिन्हा, डॉ. सुनील सुनील सिंह व डॉ. भरत चौबे ने संयुक्त रूप से एक-एक दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पूर्व प्रदेश मंत्री डा राजेश सिन्हा ने कहा कि दीपावली का महोत्सव हमारे समाज को समरसता का संदेश देने के साथ-साथ हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम के लंका विजय से वापस अयोध्या आने का उत्सव है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सभी छात्रों में सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। सैनिकों की बदौलत ही हम अपने घरों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हित के साथ साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान रखती है। यह कार्यक्रम उसी से जुड़ा है। परिषद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को देखते हुए 7500 दिये जला कर गंगा घाट को पूरी तरह से दीपों से जगमग कर दिया गया था। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के नगर अध्यक्ष डा भरत चौबे ने व संचालन महाविद्यालय अध्यक्ष अमित केशरी ने किया। मौके पर त्रिभुवन पांडेय, रविरंजन, विवेक सिंह, राजेश प्रताप सिंह, समीर प्रताप सिंह, राहुल कुमार, अविनाश पाण्डेय, गोल्डी कुमारी, पूजा कुमारी समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आथर पतरकोना के बीच जानलेवा बनी जर्जर पुलिया, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**नावानगर।** प्रखंड के भोजपुर राजवाहा मार्ग पर आथर पतरकोना के बीच स्थित रामलखन सिंह के डेरा गांव के पास अंग्रेजों के जमाने की बनी पुलिया जर्जर हो गई है। पुलिया इस कदर जर्जर हो गई है कि अब इस पर बड़े वाहनों की बाता तो दूर बाइक चालक भी फिसल कर गिर रहे है। नगर विभाग तथा जिला प्रशासन की उदासीनता से इस पुलिया की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिस कारण स्थानीय निवासियों के आवागमन का संकट बढ़ता जा रहा है। परसागंडा के नवीन प्रधान ने बताया कि यह पुलिया इस क्षेत्र के परिवहन के दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। खासकर डुमरांव बिक्रमगंज पथ को सिकरौल से सबसे कम दूरी से जोड़ने के अलावे क्षेत्र के पतरकोना, परसागंडा, दुबौली, भदार समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों का मुख्य संपर्क पथ है। वहीं, जानकारों का कहना है कि डुमरांव व भोजपुर दोनों राजवाहा मार्गों पर अंग्रेजों की जमाने की बनी सभी पुलिया जर्जर हो गई है। यदि इन पुलियों की शीघ्र मरम्मत नहीं कराई गई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### डुमरांव स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी, एक का हाथ कटा



**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर दो अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक युवक का हाथ चलती ट्रेन के चक्के की चपेट में आने से कटकर अलग हो गया। घायल युवकों को रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह तथा जीआरपी व आरपीएफ ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पहली घटना रविवार शाम की है। जानकारी के अनुसार डाउन प्लेटफॉर्म के पश्चिमी छोर पर खड़ा एक युवक नॉन स्टॉपेज ट्रेन की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गया। युवक के सर तथा जबड़े में गंभीर चोट लगी थी। घायल युवक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर नियाजीपुर के रहने वाले शांतनु यादव के 20 वर्षीय पुत्र किशन यादव के रूप में हुई है। जो आईटीआई करने के बाद हरियाणा में काम करता है तथा अभी छुट्टी में अपने घर आया हुआ था। वहीं, दूसरी घटना सोमवार की सुबह करीब 9 बजे की है। जहां 15125 डाउन काशी-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस से वाराणसी से पटना जा रहा एक युवक ट्रेन में अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के चलते डुमरांव स्टेशन के होम सिग्नल के समीप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं चलती ट्रेन के चक्के की चपेट में आकर उसका दायां हाथ कलाई से कटकर अलग हो गया। घायल युवक को प्राथमिक इलाज के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। युवक की पहचान बेगूसराय जिले के छौड़ाही थानांतर्गत पनशाला गांव निवासी बालेश्वर पासवान के 40 वर्षीय पुत्र अरुण पासवान के रूप में हुई है।

### शिविर लगा एनसीसी कैडेट्स का किया गया चयन

**डुमरांव।** स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में मंगलवार को शिविर लगा एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। यह शिविर 30 बिहार बटालियन एनसीसी बक्सर के सूबेदार कृष्णदेव सिंह व हवलदार निरंजन के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। जिसमें छात्राओं का चयन फिजीकल व रिटेन टेस्ट के आधार पर किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह, एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. अमृता सिंह, प्रोफेसर डॉ. सुभाष चंद्रशेखर व प्रो. मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभावान बनने के साथ ही शारीरिक रूप से दक्ष होना भी जरूरी है।






## छोटी खबरें

### तीन अभियुक्तों पर पुलिस ने किया इनाम घोषित

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों पर इनाम घोषित किया है। महाकाल पुर निवासी भानु दुबे पर 25000 रुपये, रामपुर उदयभान निवासी छोटू पर 10000 रुपये व रामपुर उदयभान निवासी धीरज पर 10000 रुपये इनाम घोषित किया है। बताया जाता है कि बीते दिनों रामपुर उदयभान में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था इस दौरान परमंदापुर निवासी अफसर आलम को गोली मार दी गई थी। इसी मामले में उपरोक्त तीनों अभियुक्त नामजद है तथा तभी से फरार चल रहा है ऐसे में शहर कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ इनाम घोषित किया है

### अगलगी में दुकान जलकर राख, हजारों की संपत्ति जली

**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के स्थानीय सागरपाली चट्टी पर मंगलवार के दोपहर कपड़ा धुलाई और प्रेस करने वाली गुमटी में बिजली से शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। जिसमें 17500 रुपया नगद सहित धुलाई एवं प्रेस करने के लिए रखे क्षेत्रीय ग्राहकों द्वारा दिए गए महंगे कपड़े भी जलकर राख हो गए। वहीं, दूसरी तरफ गुमटी दुकानदार के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि परिवार के जीविकोपार्जन का एक मात्र माध्यम वो दुकान ही था। जो अब जल कर राख हो चुका है। घटना की सूचना मिलने के बाद फेफना थाना और लेखपाल ने मौके पर जाकर जायजा लिया।

### युवती को गुमराह कर ले भागा, युवक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले के भांवरकोल थाना अंतर्गत एक गांव में सोमवार की सुबह बहला-फुसलाकर भगा ले जाने युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, पुलिस ने अपहृता युवती को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास मंगलवार की सुबह 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। बरामद युवती को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है, जबकि गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि कि थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के पिता ने इसी थाना क्षेत्र के गांव के युवक बिमलेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इसके बाद से उसकी खोज में थी।

# साहू समाज का आरोप: भाजपा के मूल मतदाता हो रहे उत्पीड़न के शिकार

- गोकशी मामले में जयप्रकाश गुप्ता को जेल भेजने का मामला गरमाया
- सरकार व सरकारी तंत्र पर जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जमानियां में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता को गोकशी के मामले में जेल भेजने का मामला गरमाने लगा है। जयप्रकाश गुप्ता के जेल भेजने के मामले से साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर साहू समाज के जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पुलिस ने फर्जी मुकदमा लगाया है। प्रतिनिधि मंडल के साथ सभासद की पत्नी गीता देवी से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं, तैलिक राठौर समाज के जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता व महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने भी बीते दिन जयप्रकाश गुप्ता के परिजनों से मुलाकात की। जहां उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जयप्रकाश गुप्ता को पुलिस ने साजिश के तहत गोकशी व पशु तस्करों से संम्बध के कारण गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने पीडित परिजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलने तक वह संघर्ष करेगें।



परिजनों से मुलाकात करते साहू समाज के नेतागण

**साजिश के तहत फंसाने का किया गया है काम :** जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि जयप्रकाश गुप्ता एक संघर्षशील सामाजिक कार्यकर्ता हैं। समाज में पीडितों की आवाज हैं। उनके इसी सामाजिक सरोकारों व पार्टी सहित क्षेत्र में उनके बढ़ते जनाधार को देखते हुए पुलिस ने कुछ लोगों के साजिश के तहत उनको फंसाने का काम किया है। इस साजिश में स्थानीय कोतवाल वंदना सिंह, सीओ विजय आनंद शाही, एसडीएम जमानिया के द्वारा अंजाम दिया गया है। अरुण गुप्ता ने कहा कि उनका समाज भाजपा का मूल वोटर है। उसी समाज का उत्पीड़न भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भाजपा के ही मनोनीत सभासद का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की दोबारा जांच कर उस मुकदमे से उनका नाम नहीं निकाला गया व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो इस उत्पीड़न का जवाब आने वाला समय में समस्त वैश्य समाज देगा और जरूरत पड़ने पर गांव गांव जाएगा। इस अवसर पर साहू समाज के संरक्षक परमानंद साहू, सुनील साहू, विनोद गुप्ता, जय शंकर साहू, राजेश साहू, कन्हैया गुप्ता, सतनारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## युवती की शादी तय होने से नाराज युवक ने हंसिए से वार कर चार लोगों को किया घायल

# खूनी खेल : एकतरफा प्यार में पागल 3 बच्चों के बाप ने की बीडीसी की हत्या

- कई दिनों से युवती को परेशान कर रहा था हत्यारा
- शादी तय न करने के लिए युवती के परिजनों पर बनाता था दबाव

**केटी न्यूज/मऊ**

दीपावली की रात जिले में एक क्षेत्र पंचायत सदस्य की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या की वजह सामने आते ही, सबने दांतों तले उंगली दबा ली। बात कुछ यूं निकल कर आई कि तीन बच्चों का पिता गांव की ही एक युवती से एक तरफा प्यार करता था। युवती की शादी तय होने पर युवक अपना आपा खो बैठा। रिश्तेदारों के साथ मिलकर युवती के परिजनों पर हंसिए से हमला कर दिया। इसमें युवती के चचेरे भाई बीडीसी सदस्य अजीत की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला सोमवार की देर रात का है। जहां मामले की जानकारी होते ही, फॉरेंसिक टीम के साथ एसपी गांव पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। साथ ही, पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।



अस्पताल में इलाजरत जख्मी



घटना स्थल पर जांच को पहुंचे एसपी

### शादी रुकवाने का कर रहा था प्रयास

एक बार श्यामा ने युवती को रास्ते में रोका था, जहां युवती ने हाथ जोड़कर कहा था कि उसकी शादी तय हो गई है। एक महीना पहले ही उसकी सगाई हुई है। अब वो उसका पीछा छोड़ दे। इसकी जानकारी होने पर श्यामा आपा खो बैठा। सोमवार को दिन में लड़की के परिजन पड़ोस के युवक के अंतिम संस्कार में गए थे। घर में युवती, उसकी मां और बहन थी। श्यामा अपने परिजनों के साथ उसकी गली में बर्थडे पार्टी में आया था। इस दौरान शराब पीकर गाली देने लगा। हमने विरोध किया तो मारपीट करने लगा। इसकी जानकारी फोन पर अपने चचेरे भाई अजित (बीडीसी सदस्य) को दी।

बताया जाता है कि जिले के थाना रानीपुर अंतर्गत पडरी गांव निवासी श्यामा शादीशुदा व्यक्ति है। उसके तीन बच्चे भी हैं। वह ट्रक चलाता है। श्यामा गांव की ही एक युवती से प्यार करता था। ग्रामीणों के मुताबिक यह एकतरफा प्रेम था। वह युवती का एक साल से पीछा कर रहा था। रास्ते में युवती को रोककर परेशान करता था। लोक-लाज के डर से वह मामले की शिकायत पुलिस से नहीं कर रही थी। जिसके कारण श्यामा का मनोबल बढ़ता गया। वह युवती पर शादी करने का दवाब बनाने लगा था। नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता था।

# अगलगी के दौरान गैस सिलेंडर फटने से दो फायरकर्मी घायल, बड़ा हादसा टला

## दीपावली के दिन देर रात गुमटी में आग लगने पर पहुंचा था अग्निशमन दस्ता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दीपावली पर्व पर सोमवार को देर रात एक गुमटी में अचानक आग लगने व गैस सिलेंडर फटने से आस-पास अफरा-तफरी मची रही। वाकया कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के नेशनल इंटर कॉलेज परिसर के सामने हुई। आग लगने की खबर मिलते ही अग्निशमन विभाग के कर्मी व मुकामी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

अग्निशमन दस्ता व पुलिसकर्मी आग बुझाने में जुट रहे। इसी बीच गैस सिलेंडर फटने से दो फायरकर्मी बुरी तरह झुलस गए। उन्हें गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना पर घटना स्थल के आस-पास अफरा-तफरी का माहौल कायम रहा। अग्निशमन कर्मी व पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। बता दें कि दिवाली की देर रात आतिशबाजी का माहौल चल रहा था। रात करीब 11 बजे नेशनल इंटर कॉलेज परिसर के सामने गुमटियों से धूं-धूं कर आग की लपट निकलने लगी। यह देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर-ब्रिगेड और थाना पुलिस द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया।



घटना स्थल का जायजा लेते ग्रामीण

इसी दौरान गुमटी में रखा सिलेंडर अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे फायर बिग्रेड के दो पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। आनन-फानन में घायल फायर ब्रिगेड के कर्मियों को कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अन्य दमकल कर्मियों और पुलिसकर्मियों के द्वारा काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना मिलते ही घटना स्थल के आस-पास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है।

# फंदे से लटकता मिला पूर्व प्रधान का शव परिजनों ने आत्महत्या की जताई आशंका

- पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले में दीपावली की रात चौरही के पूर्व प्रधान रामेश्वर यादव (43) का कमरे के अंदर फंदे पर लटकता शव मिला। घटना की जानकारी होने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद मामले की तफ्तीश में पुलिस टीम जुटी हुई है। वहीं, परिजनों ने आत्महत्या की आशंका भी जताई है। मामले में आठवां मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज जय प्रकाश ने बताया कि दीपावली की देर रात मृतक के पिता केशव यादव ने 112 पुलिस को सूचना दी कि उनके छोटे लड़के ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर 112 पुलिस पीआरवी 3178 व चौकी इंचार्ज आठवांमोड मौके पर पहुंचकर शव को घर के अंदर पंखे से लटकते हुए देखा। वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के बाद पुलिस ने परिजन व गांव वालों की मदद से शव को उतारा। साथ ही, फॉरेंसिक टीम मौके द्वारा फोटोग्राफी, वीडियो व अन्य विधिक कार्रवाई की गई। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दी है। बताया जा रहा है कि मृतक कल शाम गाजीपुर शहर आया था। वापस घर जाकर दीपावली की पूजा करने के बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद उसका शव कमरे में फंदे से झूलता पाया गया। मालूम हो कि मृतक के पिता सीआईएसफ से रिटायर हैं और दूसरा भाई पुलिस फोर्स में तैनात है। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।




जांच को पहुंची पुलिस

# बक्सर जिले में जल्द शुरू होगा टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के टीबी मरीजों के लिए अच्छी खबर है। टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए जिलाधिकारी अमन समीर ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. अनिल भट्ट को दिशा-निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सीडीओ से प्रखंडवार टीबी मरीजों के साथ कंसेंट फॉर्म भर चुके मरीजों की संख्या की अद्यतन सूची तलब की है। ताकि, जल्द से जल्द उक्त मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इसके लिए विभाग ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अडॉप्ट पीपल विद टीबी योजना से जोड़ने के लिए पूर्व में ही निर्देश जारी किया था। जिसमें टीबी के मरीजों को गोद लेने और उनके उपचार की पूरी जिममेदारी निभाए जाने की बात कही गई थी। ताकि, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में आम लोगों की सहभागिता बढ़ाई जा सके। इसके लिए निजी संस्थानों, एनजीओ, जनप्रतिनिधियों व जिलास्तरीय पदाधिकारियों की सहायता ली जाएगी। जो टीबी मरीजों को गोद लेंगे।



**इस वर्ष 1755 मरीजों का हुआ है नोटिफिकेशन :** सीडीओ डॉ. भट्ट ने बताया, जिले में फिलवक्त 1755 मरीजों का नोटिफिकेशन हुआ है। जिनमें ब्रह्मपुर प्रखंड के 101, बक्सर के 204, चक्की के 19, चौसा के 27, चौगाईं के 16, डुमरांव के 1092, इटाढ़ी के 82, केसठ के 7, नावानगर के 51, राजपुर के 79 तथा सिमरी के 77 मरीज शामिल हैं। जिनसे कंसेंट फॉर्म भराया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में निजी संस्थानों, एनजीओ और जनप्रतिनिधियों की बैठक जल्द होगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों से भावनात्मक संबंध बनाना है। गोद लेने वाली संस्था या व्यक्ति मरीज की निगरानी के साथ उनके विश्वास को भी बढ़ाएंगे। मरीजों को अस्पताल ले जाने में मदद करेंगे। सामाजिक दायित्व के तहत मरीजों को अस्पताल आने जाने, इलाज और खानपान का खर्च उठाएंगे। वहीं, मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली 500 राशि दिलाने में मदद करेंगे।

**कोई भी ले सकता है मरीजों को गोद :** सीडीओ डॉ. भट्ट ने बताया, अडॉप्ट पीपल विद टीबी योजना के लिए जिले में लोगों को जागरूक किया जाएगा। ताकि, मरीजों को गोद लेने के लिए लोग स्वयं आगे आएं। गोद लेने वाला व्यक्ति ऐसे मरीजों की आर्थिक मदद भी कर सकता है। छह माह की दवा में जब मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो जाएगा तो स्वास्थ्य महकमा गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगा। उन्होंने बताया कि टीबी रोगी को बीमारी से मुक्त कराने के लिए कोई भी नागरिक उसे गोद ले सकता है। इसमें संबंधित व्यक्ति को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर या पेशा के बारे में ब्यौरा देना होगा। इसके बाद विभाग की ओर से मरीज को गोद दिया जाएगा। गोद लेने वाले व्यक्ति को मरीज के बारे में और उसका नाम किसी को शेयर नहीं करना होगा। वह उसकी देखभाल के साथ ही मदद भी कर सकता है।

## एक नजर

### जनउपुर गांव में हनुमत जन्मोत्सव कार्यक्रम में चली गोली, बाल-बाल बचे गायक कमलवास कुंवर

**बलिया।** जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के जनऊपुर में हनुमत जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान गोली चलने से भगदड़ मच गई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यकम के तहत मंच पर नारदी गायक कुंवर कमलवास (बिहार) का कार्यक्रम चल रहा था। उसी समय गैंग बनाकर आए पांच लोगों में से एक ने अवैध असलहा से निशाना बनाकर फायर कर दिया। जिसमें गायक कुंवर कमलवास बाल-बाल बचे। घटना के बाद कार्यक्रम सुनने आए लोगों में भगदड़ मच गई। जिसके बाद आयोजकों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। हालांकि आयोजकों ने कार्यक्रम के लिए विधिवत उप जिलाधिकारी से परमिशन लिया था। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण लोगों में दहशत का माहौल बना है।




### कबड्डी प्रतियोगिता का नगर परिषद प्रत्याशी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**बलिया।** भृगु मदिंर के समीप चित्रगुप्त मदिंर के कीड़ा क्षेत्र के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी सपा नेता निषिध श्रीवास्तव 'निशु' ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि खेल से मानसिक और शरीर का विकास होता है। जीवन में हार जीत तो हमेशा लगी रहती है। खेल से हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के भी मौका मिलता है। हमें जिंदगी में खेल को हिस्सा हमेशा बनाए रखना चाहिए जिससे कि हमारा स्वास्थ्य सही रहे और मानसिक संतुलन भी। हनुमानगंज बनाम बनटुचक के बीच प्रथम मुकाबला हुआ। इस दौरान राजीव राय( रेफरी), पकज सिंह( कबड्डी सचिव), मैन यादव, अभिषेक मिश्रा टुनू, वीरेंद्र पटेल, जय प्रकाश दुबे, नीरज गोड़, हैप्पी मिश्रा, प्रकाश पटेल, अंकित सोनी, मनीष कुमार, हृदय नारायण गुप्ता, सुनील कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



### हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक कौशिक बाबा की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**गाजीपुर।** कासिमाबाद क्षेत्र के सूकहां स्थित कौशिक भवन पर मंगलवार की देर शाम मशहूर सूफी संत कौशिक बाबा का 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी धूमधाम मनाया गया। इस दौरान कव्वाल के मुशायरे सहित श्रद्धालुओं ने चादर पोशी की। मंगलवार के दिन सूकहां स्थित कौशिक भवन पर हर साल की भांति इस बार भी उनके पुत्र व श्रद्धालुओं के द्वारा सूफी संत कौशिक बाबा के पुण्यतिथि को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर सर्वप्रथम श्रद्धा भाव से पूजा पाठ कर चादर पोशी की जाती है चादर पोसी के दौरान कव्वाल का भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इलाके के अलावा दूर दराज क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालु गुरु के समाधि स्थल पर मत्था टेक अपने मन्नत मांगने पहुंचे। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा बताया जाता है कि बाबा से मांगे हुए मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। पुण्यतिथि में शरीक हुए कौशिक बाबा के प्रिय शिष्य हृदय नारायण तिवारी ने बताया कि कौशिक बाबा का शुद्ध नाम कुंवर महेंद्र प्रताप चंद्र कौशिक था जो अपने सामाजिक जीवन के दौरान 1970 में गोरखपुर जनपद के इलाहीबाद बेंनजीर शाह कादरी के शिष्य बने। उनके गुरु बेनजीर शाह कादरी ने उनके नाम को शुद्धीकरण करते हुए प्रेमनाथ कादरी उर्फ कौशिक बाबा रखा। बाबा की सेवा करते हुए कौशिक बाबा 1980 के समय कासिमाबाद क्षेत्र के सुकहा स्थित थाना मंदिर के सामने बगीचे में अपने गुरु द्वारा बताए ज्ञान को शिष्यों के बीच चर्चा करने लगे। उसके बाद उन्होंने अपना कौशिक भवन बनाया। जहां श्रद्धालु उत्तर प्रदेश ही नहीं गैर प्रदेशों से राजनैतिक, सामाजिक प्रशासनिक अधिकारी तक उनके आश्रम का कदम चूमते थे। उनके शिष्य ने बताया कि 1984 में उनके गुरू बेनजीर शाह कादरी ने कौशिक बाबा को अपना 43वां गद्दीनशीं बनाया था। उसके बाद उन्होंने एक समाज को संदेश देते हुए की हिंदू-मुस्लिम कुछ नहीं जिसमें पात्रता होगी परमात्मा उसी को स्वीकार होगा।



### लोगों ने नम आंखों से दी नेवी के सूबेदार को अंतिम विदाई, लगाए भारत मां के जयकारे

**गाजीपुर।** शहर के वार्ड नंबर 8 ब्रह्मस्थान स्थित आवास पर नेवी जवान का शव लाया गया। नेवी में तैनात सूबेदार राणा प्रताप कुशवाहा का शव पहुंचते परिजनों में कोहराम मच गया। इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद लोगों ने नम आंखों से गाजीपुर के लाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए। मालूम हो कि गाजीपुर पुलिस लाइन के पास स्थित ब्रह्मस्थान के रहने वाले विजय प्रताप कुशवाहा के पुत्र राणा प्रताप कुशवाहा अच्छे हाकी खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। खेल प्रतिभा के दम पर उनका चयन में भी नेवी में हो गया था। वर्तमान में वह मुंबई में नेवी के सूबेदार पद पर तैनात थे। पिछले काफी दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे राणा प्रताप कुशवाहा का निधन होने के बाद आज उनका शव गाजीपुर लाया गया। स्थानीय दिनेश यादव ने बताया कि हाकी के अच्छे खिलाड़ी रहे राणा प्रताप कुशवाहा बहुत कम उम्र में ही नेवी में नौकरी प्राप्त कर लिए थे और वर्तमान में सूबेदार के पद पर तैनात थे। उनके निधन से न सिर्फ उनके परिजनों और शुभचिंतकों में बल्कि हाकी खिलाड़ियों में भी शोक की लहर है। सूबेदार राणा प्रताप की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे भी लगाए।